भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 240

दिनांक 27.11.2024 को उत्तर देने के लिए

गरीबी उन्मूलन

240. **श्रीमती मंजू शर्मा:**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान देश से गरीबी उन्मूलन के लिए विभिन्न नई योजनाएं शुरू की हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन अब तक इस संबंध में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या उक्त अवधि के दौरान देश में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों की संख्या में कमी आई है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (घ): सरकार ने बहुआयामी गरीबी कम करने के लिए कई योजनाएं प्रारम्भ की हैं जिसमें सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई), प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण), प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य), प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम), जल जीवन मिशन (जेजेएम), प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई), प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) आदि जैसी योजनाएं शामिल हैं। प्रत्येक योजना को संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा

उनके विशिष्ट लक्ष्यों और उद्देश्यों के साथ बहु-आयामी गरीबी के विशिष्ट आयामों के समाधान के लिए तैयार और लागू किया गया है।

(ङ) और (च): इन योजनाओं के परिणामस्वरूप बहुआयामी गरीबी में भारी कमी आई है। नीति आयोग द्वारा जारी नवीनतम राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) रिपोर्ट, 2023 के अनुसार, वर्ष 2015-16 और 2019-21 के बीच बहुआयामी गरीबी में जनसंख्या का अनुपात 24.85% से घटकर 14.96% हो गया जो दर्शाता है कि इस अवधि के दौरान लगभग 135.5 मिलियन लोग गरीबी से मुक्त हुए हैं।

*****